## महत्वपूर्ण एवं खास

### अज्ञात वाह की ठोकर से बाईक सवार युवक की मौत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम झारमुडा में रहने वाला बिरेन्द्र गढतिया पिता बेदुधर गढतिया उम्र 23 वर्ष अपने मोटर सायकल स्पलेन्डर प्लस सीजी 13 एएच 5356 में पुसौर स्थित वासुदेव पेट्रोल पंम्प काम करने जा रहा था कि शाम करीब 07 बजे से 07:20 बजे के बीच झारमुडा और तडोला के मध्य मेन रोड पर अज्ञात वाहन बिरेन्द्र के मोटर सायकल को ठोंकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में बिरेन्द्र गढतिया के सिर, हाथ, पैर में चोटें आयी थी जिससे वह फौत हो गया। घटना के संबंध में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अप.क्र. 245/19 धारा 279,337,304 ए भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रेलर की ठोकर से बाईक सवार मछली विक्रेता की मौत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम बरभौना थाना छाल में रहने वाला मालिकराम झरिया पिता श्याम लाल झरिया उम्र 33 वर्ष मछली बेचने का काम करता था। दिनांक 11.12.19 को सुबह करीब 09.00 बजे मालिकराम झरिया मोटर सायकल हीरो होण्डा सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 13 एस - 7906 में घर से मछली लेने आड़पथरा गया था, मछली लेने के बाद रोज की तरह मछली को बिक्री करने हेतु ऐडू कालोनी तरफ जा रहा था कि ऐडू पुलिया के पहले ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 एस 3635 का चालक मालिकराम झरिया के मोटर सायकल को ठोंकर मार दिया। दुर्घटना में मालिकराम झरिया फौत हो गया। घटना के संबंध में मृतक के भाई के रिपोर्ट पर आरोपी ट्रेलर चालक के विरूद्ध थाना खरसिया में अप.क्र. 527/19 धारा 304 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### घायल वृद्ध को डायल 112 टीम ने पहुंचाया अस्पताल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर राइनो में दिनांक 12.12. 2019 को पीडब्ल्यूडी आफिस के पास एक वृद्ध असहाय व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन द्वारा ठोकर मार देने पर वृद्ध सड़क पर गिरा पड़ा था। डायल 112 को इवेंट मिलने पर पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास पहुंची सड़क पर गिरे वृद्ध व्यक्ति ने अपना नाम अमर बताया तथा कबाड़ बिनकर अपना जीवन यापन करना बताया। घायल वृद्ध को डॉयल 112 स्टाफ ओमप्रकाश पटेल द्वारा केजीएच इलाज के लिए ले जाकर भर्ती कराया गया है।

### बिजली करंट लगने से घायल व्यक्ति को मिली डायल 112 की सहायता

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** खेत में लगे बिजली तार के चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति घायल - आज दिनांक 12.12.2019 के प्रातः 7:00 बजे लैलूंगा राइनो को मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट मिला। इवेंट पर लैलूंगा राइनो ग्राम एकरा पहुंची। जहां रहने वाले जोगेंदर सिदार पिता लाल सिंह सिदार उम्र 40 वर्ष निवासी एकरा रात्रि करीब 09-10 बजे गांव में मजदूर ढूंढने के लिए गया था कि खेत पार करते समय खेत में लगे बिजली तार के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था किसी तरह घर पहुंचा। सुबह डायल 112 को इवेंट मिलने पर आहत के घर पहुंची और आहत को सीएससी लैलूंगा लाकर भर्ती कराया गया है।

### गोकुल प्रसाद पटेल बटाऊपाली (सालर) के फड़ प्रभारी पद से हुए पृथक

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित दानसरा पं.क्र.210 के उप केन्द्र बटाऊपाली (सालर)में खरीफ धान उपार्जन विपणन वर्ष 2019-20 में गोकुल प्रसाद पटेल फड़ प्रभारी के पद पर पदस्थ है। जिन्हें उक्त पद से पृथक किया गया है।

### राज्य स्तरीय निर्वाचन प्रचार सामग्री के प्रमाणन के लिए रायपुर जिला मीडिया प्रमाणन अनुवीक्षण समिति हुई अधिकृत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छ.ग.राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन व्यय (मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति गठन एवं दत्त मूल्य समाचार विनियमन)आदेश 2019 की कंडिका 6 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दल एवं अन्य दलों द्वारा संपूर्ण राज्य में प्रचार-प्रसार हेतु प्रस्तुत प्रचार सामग्री के प्रमाणन हेतु रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन अनुवीक्षण समिति को अधिकृत किया जाता है।

## सहकारिता सचिव धनंजय देवांगन ने ओडिसा से लगे धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण





**न्याय साक्षी/ रायगढ़।** पंजीयक सहकारिता सोसायटी एवं सचिव सहकारिता धनंजय देवांगन ने आज ओडिसा से लगे हुए चपले, कोड़ापाली एवं सरिया में धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार सभी किसानों की धान खरीदी की जाएगी, लेकिन छोटे किसानों की धान की प्राथमिकता से खरीदी की जाएगी, ताकि वे अपनी रोजमर्रा की आवश्यकता को पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार धान खरीदी की तारीख भी बढ़ायी जाएगी। सभी को अच्छे से स्टेकिंग लगाने के निर्देश दिए, ताकि निरीक्षणकर्ता अधिकारी उसकी आसानी से गिनती कर सके। उन्होंने व्यवस्थित तरीके से गुणवत्तायुक्त धान खरीदी के निर्देश दिए। समितियां अपनी क्षमता अनुसार निर्धारित समयावधि (सुबह 9 से 5 बजे) तक धान खरीदी करेंगी। उन्होंने धान खरीदी के भुगतान के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, सहायक संचालक सहकारिता श्रीमती शिल्पा अग्रवाल भी उपस्थित थी।

## वैन की ठोकर से शिक्षक की मौत



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** स्कूल जाने की हड़बड़ी में आज एक शिक्षक की दर्दनाक मौत हो गयी। सड़क हादसे में प्रधान पाठक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना रायगढ़ के बोरिदा-ठेंगागुड़ी रोड की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के वक्त वो बाइक पर सवार थे।

शिक्षक का नाम विराट दास है, जो रायगढ़ के ही बरमकेला में प्रधान पाठक के तौर पर पदस्थ थे। हादसे के वक्त वो प्राथमिक विद्यालय ठेंगागुड़ी जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक वैन गाड़ी ने विराट दास को ठोकर मार दिया, जिसके बाद मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। टीचर्स एसोसिएशन की तरफ से प्रधान पाठक के निधन पर शोक जताया गया है।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के चलते राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी हुए निलंबित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन के सफल संचालन हेतु राजस्व निरीक्षक नजूल शाखा मनोज कुमार पटेल तथा पटवारी तहसील कार्यालय निवास पटेल की ड्यूटी नगर पालिक निगम रायगढ़ के लिए दिनांक 30 नवम्बर 2019 से 6 दिसम्बर 2019 तक नाम निर्देशन पत्रों को प्राप्त करने एवं 7 दिसम्बर 2019 को उनके संवीक्षा तथा दिनांक 9 दिसम्बर 2019 तक अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापसी के बाद अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने एवं उससे संबंधित अन्य कार्य करने हेतु सहायक रिटर्निंग आफिसर के सहयोग करने के लिए आदेशित किया गया था। किन्तु उक्त कर्मचारियों द्वारा निर्देशों का पालन न करते हुए अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरती गई, जिससे नगरीय निकार्य निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न हुई है। कर्मचारियों का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण)नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत होने के कारण दोनों कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील)नियम 1956 नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में कर्मचारियों का मुख्यालय तहसील कार्यालय घरघोड़ा निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

## फेसबुक/व्हाटस अप पर युवती को चरित्र हनन की धमकी

**» युवती के फेसबुक प्रोफाईल से प्राप्त किया उसका मोबाईल नम्बर, जुर्म दर्ज**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोतरारोड़ में दिनांक 12.12.19 को युवती द्वारा उज्जैन मध्य प्रदेश निवासी कुदेन शर्मा द्वारा इसके बहन के नाम पर फर्जी फेसबुक एकाउंट बनाकर अश्लील पोस्ट करने तथा फेसबुक व व्हाटस अप के जरिये घर परिवारवालों को नुकसान पहुंचाने की धमकी देने संबधी आवेदन पत्र कार्यवाही वास्ते दिया गया है।

पीडिता ने बताया कि इसकी बहन बिलासपुर पढने गई थी। इसी दौरान कुंदन शर्मा के द्वारा इसकी बहन को फेसबुक पर फ्रेंड रिकवेस्ट भेजा था जिसे उसकी बहन ने एक्सेप्ट कर कुंदन शर्मा को अपने फ्रेण्ड लिस्ट में जोड ली। युवती के फेसबुक प्रोफाईल से कुंदन शर्मा ने उसका नम्बर प्राप्त किया और उससे बातचीत करने लगा। बिलासपुर से वापस रायगढ़ आने के बाद

युवती की बहन ने फेसबुक एकांउट बंद कर दी और कुंदन शर्मा से बातचीत बंद कर दी थी जिससे नाराज होकर कुंदन शर्मा इसकी बहन के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर अश्लील पोस्ट और कमेन्ट्स लिखकर घर परिवार के लोगों को ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता के आवेदन पर कुंदन शर्मा के विरूद्ध थाना कोतरारोड़ में आज दिनांक 12.12.19 को अप.क्र. 340/19 धारा 509 (ख) भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## एकलव्य विद्यालयों की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रायगढ़ के खिलाड़ियों ने प्रदेश को ऊंची कूद एवं हॉकी में दिलाया रजत पदक

**» धनेश्वर ने ऊंची कूद में और अंडर 14 की हॉकी टीम ने दूसरा स्थान पाकर जिले को किया गौरवान्वित**

**» भोपाल में 14 दिसम्बर तक चलेगी राष्ट्रीय स्तर की एकलव्य अंतर्शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता**





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रीय स्तरीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतर्शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2019-20 का आयोजन 9 दिसम्बर 2019 से 14 दिसम्बर 2019 तक मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में रायगढ़ जिले से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार विकासखण्ड खरसिया के खिलाड़ियों ने हॉकी अंडर 14 बालक वर्ग में प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। इसी प्रकार संस्थान के प्रतिभावान छात्र धनेश्वर उरांव ने ऊंची कूद प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है।

उल्लेखनीय है कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतर्शालेय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2019-20 का आयोजन रायपुर में दिनांक 2 दिसम्बर से 4 दिसम्बर 2019 तक किया गया था। जिसमें एकलव्य विद्यालय छोटे मुड़पार, खरसिया के 70 खिलाड़ी एवं बायसी धरमजयगढ़ से 01 खिलाड़ी बिलासपुर संभाग की ओर से शामिल हुए। उक्त प्रतियोगिता में छोटे मुड़पार के छात्र धनेश्वर उरांव ने गोला फेंक एवं ऊंची कूद प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्णपदक हासिल किया।

हॉकी मिनी वर्ग एवं सीनियर वर्ग की टीमों ने प्रथम स्थान और बास्केट बाल प्रतियोगिता में भी मिनी वर्ग एवं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी व टीम भोपाल में आयोजित हो रही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे है।

## न्यायालय में पहुंचने से पहले ही सुलझ रहे है मामले

**» मुकदमा पूर्व मध्यस्थता केन्द्रों ने 69 मामलों का आपसी सुलह से किया निराकरण**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सोनुमुड़ा थाना कोतवाली रायगढ़ निवासी वृंदावती द्वारा अपने पति मनोज कुमार विरूद्ध पारिवारिक मामला न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए निःशुल्क विधिक सहायता की मांग की गई। जिसमें आवेदिका को विधिक सहायता प्रदान करते हुए उससे पारिवारिक विवाद का मामला मुकदमा पूर्व मध्यस्थ सेंटर में प्रस्तुत किया गया। जहां पति-पत्नी को न्यायाधीश एवं प्रशिक्षित मिडियेटर द्वारा आपसी सुलह-समझौते कराकर उनके मतभेदों को समाप्त करवाया गया और पति-पत्नी भी खुशी-खुशी साथ रहने राजी हुए। यह संभव हुआ है जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुकदमा पूर्व मध्यस्थ सेंटरों की प्रभावी भूमिका से। जिसमें आपसी सुलह से निपटने वाले मामलों को न्यायिक प्रक्रिया से भिन्न एक वैकल्पिक प्रक्रिया के तहत एक तीसरे स्वतंत्र व्यक्ति मध्यस्थ के द्वारा दो पक्षों के बीच उनके सामान्य हितों के लिए समझौते व सहयोग पर सहमत करवाया जाता है। प्रक्रिया का लचीलापन व कानूनी जटिलताओं से रहित होना इसे कारगर बनाता है। वृंदावती व मनोज की तरह विभिन्न मामलों जैसे तोषराम साहू व सुनीता साहू, जानकी महंत व राजकुमार जैसे लोगों के जीवन में प्रशिक्षित मध्यस्थतों के द्वारा आपसी कटुता को खत्म कर पुनः पारिवारिक सौहार्द्र स्थापित किया जा रहा है।

माह जनवरी 2019 से अब तक मध्यस्थता केन्द्र को प्राप्त कुल 170 प्रकरणों में 69 का सफल निराकरण आपसी समझौते के आधार पर हुआ है।

## पेंशन की राशि मिलने पर बुजुर्ग कार्ति ने बैंक सखी को दिया ढेर सारा आर्शीवाद

**» घर तक जाकर दी जा रही पेंशन की राशि**

**» शासन ने दूरस्थ अंचलों में राशि भुगतान को किया सरल एवं सुविधाजनक**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुसौर विकासखण्ड की ग्राम लिंजिर निवासी बुजुर्ग श्रीमती कार्ति कुंवर गोस्वामी को जब बैंक सखी श्रीमती प्रतिमा गुप्ता ने पेंशन की राशि उनके हाथों में सौंपा, तब उन्होंने कहा कि हम जैसे वृद्धों के लिए घर तक आकर पेंशन की राशि देने के लिए ढेर सारा आर्शीवाद और जुग-जुग जियो। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत सुविधाजनक है, जिससे हमें बैंक तक जाने की तकलीफ नहीं उठानी पड़ेगी और हमारे लिए यह बड़ी मदद होगी। बैंक सखी श्रीमती प्रतिमा गुप्ता ने उनसे कहा कि आप चिंता न करें आपको यह सुविधा निरंतर मिलते रहेगी। केनसरा की बुजुर्ग श्रीमती मंगलवती यादव को जब मजदूरी भुगतान की राशि मिली तब उन्होंने भी प्रसन्नता जाहिर की।

दूरस्थ अंचलों में रहने वाले ग्रामवासियों को उनके घर तक जाकर बैंक सखी द्वारा पेंशन, नरेगा के तहत मजदूरी भुगतान एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि का भुगतान किया जा रहा है। संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुसार सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) की सुविधा के माध्यम से वीएलई (ग्रामीण स्तरीय उद्यमी) द्वारा राशि भुगतान को सरल बना दिया गया है।

## त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचनः रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार ने रायगढ़ जिले के त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के संपूर्ण कार्यवाही हेतु जनपद पंचायत क्षेत्र रायगढ़ जिला के लिए रिटर्निंग आफिसर/ सहायक रिटर्निंग आफिसर (पंचायत)नियुक्त किया है।

जिला पंचायत रायगढ़ अंतर्गत संपूर्ण जिला अधिकार क्षेत्र के लिए कलेक्टर यशवंत कुमार रिटर्निंग आफिसर होंगे एवं अपर कलेक्टर आर.के.कटारा, जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं सहायक कलेक्टर संबित मिश्रा को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत रायगढ़ अंतर्गत संपूर्ण खण्ड (जनपद पंचायत क्षेत्र) के लिए डिप्टी कलेक्टर युगल किशोर उर्वशा रिटर्निंग आफिसर होंगे एवं तहसीलदार रायगढ़ जगतराम सतरंज तथा रायगढ़ जनपद सीईओ सागर सिंह राज को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। जनपद पंचायत पुसौर अंतर्गत संपूर्ण खण्ड (जनपद पंचायत क्षेत्र) के लिए संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परिवहन अधिकारी सुमित अग्रवाल रिटर्निंग आफिसर होंगे एवं प्रभारी तहसीलदार /नायब तहसीलदार पुसौर सुश्री माया आंचल तथा पुसौर जनपद सीईओ को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। जनपद पंचायत सारंगढ़ अंतर्गत संपूर्ण खण्ड (जनपद पंचायत क्षेत्र) के लिए एसडीएम सारंगढ़ चंद्रकांत वर्मा रिटर्निंग आफिसर होंगे एवं डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार सारंगढ़ अरूण कुमार सोम तथा सारंगढ़ जनपद सीईओ अभिषेक बनर्जी को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। जनपद पंचायत बरमकेला अंतर्गत संपूर्ण खण्ड (जनपद पंचायत क्षेत्र) के लिए प्रभारी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार बरमकेला राकेश वर्मा रिटर्निंग आफिसर होंगे एवं नायब तहसीलदार बरमकेला कु.प्रेमा किस्पोट्टा तथा बरमकेला जनपद सीईओ एच.एस.पोयाम को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। जनपद पंचायत खरसिया अंतर्गत संपूर्ण खण्ड (जनपद पंचायत क्षेत्र) के लिए एसडीएम खरसिया गिरीश रामटेके रिटर्निंग आफिसर होंगे एवं नायब तहसीलदार खरसिया विवेक कुमार पटेल तथा खरसिया जनपद सीईओ आर.डी.साहू को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। जनपद पंचायत घरघोड़ा अंतर्गत संपूर्ण खण्ड (जनपद पंचायत क्षेत्र) के लिए एसडीएम घरघोड़ा अशोक कुमार मार्बल रिटर्निंग आफिसर होंगे एवं तहसीलदार घरघोड़ा आशीष कुमार सक्सेना तथा घरघोड़ा जनपद सीईओ सी.एल.सिदार को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। जनपद पंचायत तमनार अंतर्गत संपूर्ण खण्ड (जनपद पंचायत क्षेत्र) के लिए प्रभारी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार तमनार तीरथराम कश्यप रिटर्निंग आफिसर होंगे एवं नायब तहसीलदार तमनार कु.अनुराधा पटेल तथा तमनार जनपद सीईओ बी.आर.साहू को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। जनपद पंचायत लैलूंगा अंतर्गत संपूर्ण खण्ड (जनपद पंचायत क्षेत्र) के लिए एसडीएम लैलूंगा अभिषेक गुप्ता रिटर्निंग आफिसर होंगे एवं तहसीलदार लैलूंगा अनुज पटेल तथा लैलूंगा जनपद सीईओ भजन साय को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। जनपद पंचायत धरमजयगढ़ अंतर्गत संपूर्ण खण्ड (जनपद पंचायत क्षेत्र) के लिए एसडीएम धरमजयगढ़ नंदकुमार चौबे रिटर्निंग आफिसर होंगे एवं नायब तहसीलदार धरमजयगढ़ उमेश्वर बाज तथा धरमजयगढ़ जनपद सीईओ आज्ञामणी पटेल को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480